भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत), पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India), PIN-132 001
(ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in)

फा.सं.12–6 / राजभाषा हिन्दी उल्लास मास / 2021 दिनांक, 25 / 09 / 2021

परिपत्र

(विषय : हिन्दी शोध पत्र पोस्टर प्रोत्साहन प्रतियोगिता की आयोजन तिथि में परिवर्तन की सूचना बावत्)

राजभाषा एकक के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 14.09.2021 के संदर्भ में यह अवगत कराया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से हिन्दी उल्लास महोत्सव–2021 के दौरान दिनांक 28.09.2021 को आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब उक्त प्रतियोगिता दि. 05.10.2021(मंगलवार) को अपराह्न 14.30 बजे से संस्थान के प्रदर्शनी इकाई में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का ब्यौरा / शर्तें नीचे दिए गए अनुसार हैं :–

प्रतियोगिता का नाम : हिन्दी शोध–पत्र पोस्टर प्रोत्साहन प्रतियोगिता(वैज्ञानिकों / तकनीकियों / विद्यार्थियों हेतु)
स्थान / समय : 05.10.2021, मंगलवार को 14.30 बजे से प्रदर्शनी इकाई(Exhibition Unit, NDRI, Karnal)

पोस्टर का आकार आदि :

1. हिन्दी शोध–पत्र पोस्टर प्रदर्शन प्रतियोगिता के लिए पोस्टर का मानक पोर्ट्रेट(Portrait) आकार 30 इंच x 40 इंच ही अपेक्षित होगा। मूल्यांकन समिति द्वारा प्रदर्शित हिन्दी पोस्टरों का 30 अंक(विषय वस्तु के लिए 10 अंक, प्रस्तुतीकरण के लिए 10 अंक, भाषा शुद्धता / सरलता के लिए 10 अंक) में से मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन समिति के द्वारा पूर्व में प्रकाशित, लोकप्रिय विषय के बजाय नए शोध–कार्य / सरल संप्रेषणीय विषय को पुरस्कार चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

2. मूल्यांकन अधिकारियों की सिफारिश के अनुसार प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रशस्ति प्रमाणपत्र / नकद पुरस्कार राशि तथा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरण के संबंध में कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन समिति का निर्णय अंतिम माना जाएगा। समिति के द्वारा विगत वर्षों की प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए पुरस्कार हेतु चयनित शोध पत्र के प्रथम लेखक / प्रतिभागी को नकद पुरस्कार तथा अन्य सह प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र की सिफारिश पर विचार किया जा सकता है।

सहायक निदेशक(राजभाषा)

प्रतिलिपि :–

1. मूल्यांकन समिति के पदाधिकारियों(डा. बिमलेश मान, डा. बी.एस.चन्देल, डा. के.एस. कादियान व डा. अर्चना वर्मा) को सूचनार्थ।
2. सभी प्रभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष / प्रभारी भाकृअनुप–राडेअनुसं, करनाल को उनके वैज्ञानिकों / स्टाफ / विद्यार्थियों के सूचनार्थ।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को संस्थान की वेबसाइट के साथ–साथ ई–ऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग हेतु।
4. प्रभारी, संचार केन्द्र को इस अनुरोध के साथ कि 05.10.2021 को प्रदर्शनी इकाई में सुबह 10.00 बजे से पहले 30 डिस्प्ले बोर्ड तैयार रखें ताकि उक्त प्रतियोगिता हेतु इच्छुक प्रतिभागी अपने पोस्टर सुबह से डिस्प्ले कर सकें। प्रदर्शनी इकाई में प्रदर्शित किए गए पोस्टरों की सार–संभाल के लिए एक प्रतिनिधि की ड्यूटी भी लगाकर रखें। साथ ही उक्त आयोजन के दौरान फोटोग्राफी की व्यवस्था भी करवाने की कृपा करें।